समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सांगानेर मे CM भजनलाल शर्मा का जनसंवाद, लाभार्थियों को पट्टे और चेक वितरित ; बोले- जनसमस्याओं का त्वरित समाधान ही सुशासन की पहचान

राजेश चौधरी

Published on 16 Jun 2026




मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर आमजन से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रभाव का फीडबैक लिया तथा पात्र नागरिकों को पट्टे और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत सहायता राशि के चेक वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने शिविर में मौजूद नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवेदना का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान ही सुशासन का मूल आधार है। राज्य सरकार जवाबदेही, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य कर रही है, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और उसका प्रभावी निराकरण किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। लाभार्थियों को पट्टे एवं सहायता राशि के चेक मिलने पर उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और सेवा वितरण व्यवस्था को

और अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनकल्याण और सुशासन के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

सांगानेर शहरी सेवा शिविर में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने सीधे मुख्यमंत्री से संवाद कर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.